## खास खबरें

### साकेत नगर से हीरो बाइक चोरी

**नप्र, भोपालः** गोविंदपुरा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी संजय अमोदकर ने बताया कि 24 जुलाई की सुबह उन्होंने साकेत नगर में अपनी हीरो मोटरसाइकिल (एमपी-04 डब्ल्यूएम-4277) खड़ी की थी। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश के बाद भी वाहन नहीं मिला, जिस पर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### रेस्टोरेंट के सामने से बाइक चोरी

कोतवाली थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी सोयब खान ने बताया कि उन्होंने मामाजी रेस्टोरेंट के सामने अपनी हीरो मोटरसाइकिल (एमपी-04 एमपी-4024) खड़ी की थी। लौटने पर वाहन गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

गोविंदपुरा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 एवं 125ए के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी फरहान खान ने बताया कि चेतक ब्रिज चौराहे पर तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उन्हें चोटें आईं।

### जुआ खेलते छह आरोपी गिरफ्तार

एमपी नगर थाना पुलिस ने जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत आकाश सेन, बिट्टू तिवारी, सोनू सिंह, नीलेश कहार, जीतू सरोले और राजेश गुप्ता को गिरफ्तार किया है। बोर्ड ऑफिस के पास ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पुलिस ने दबिश दी। मौके से 2,040 रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए गए।

### आठ बोतल अंग्रेजी शराब जब्त

गोविंदपुरा थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत रत्नेश मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चारबत्ती तिराहा क्षेत्र में आरोपी के कब्जे से आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब छह हजार रुपये है। आरोपी शराब रखने का वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। फरियादी शासन है।

### देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मिसरोद थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत दीपक कुमार मालवीय को गिरफ्तार किया है। बालाजी ढाबा के सामने आरोपी के पास से 19 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत 1,620 रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बीमारी से मौत, मर्ग कायम

कमला नगर थाना पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 194 के तहत मर्ग कायम किया है। डॉ. वीरेन्द्र सिंह की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। मृतक राजी शर्मा (45) निवासी नेहरू नगर की बीमारी के चलते हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### सोना लेकर 16 लाख की धोखाधड़ी

अवधपुरी थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत नवीन श्रीवास्तव और अनिल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने सोना लेकर 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी की और रकम वापस नहीं की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र रावत, सचिव मुकेश नागपुरे सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# बसपा व कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल, प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत




**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में शुक्रवार को दतिया चुनाव कार्यालय में बसपा और कांग्रेस के कई नेताओं तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बसपा के सेवढ़ा से पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह यादव सहित विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थामा। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा की विकासवादी नीतियों से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास, समाज का सम्मान और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता केवल भाजपा के पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं, जिससे जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के समर्थन से दतिया में विकास और विश्वास का नया अध्याय लिखा जाएगा।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में डॉ. अमित यादव, बलवीर यादव, राघवेंद्र सिंह यादव, उपेंद्र यादव, सूर्यकांत यादव, शत्रुघ्न यादव, विवेक बघेल, नरेश कठेरिया, मोहित मावई, मोनू यादव, मिथिलेश उचारिया, जगमोहन दुबे सहित अनेक नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री इमरती देवी, अभय सिंह यादव, महेंद्र सिंह यादव, रघुवीर सिंह कुशवाह, अशोक अर्गल, राम यादव और जगदीश यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब भोपाल ईस्ट की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रोटरी क्लब भोपाल ईस्ट की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होटल रेसिडेंसी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी आदित्य सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंडलाध्यक्ष (पीडीजी) जैनेंद्र जैन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

विशिष्ट अतिथि मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी ने कहा कि रोटरी क्लब भोपाल ईस्ट पिछले 51 वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोटरी विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है और इसका सदस्य होना गर्व की बात है।

निवर्तमान अध्यक्ष विश्वास ने अपने कार्यकाल में किए गए सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी, जबकि नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रखर तिवारी ने आगामी वर्ष की सेवा योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। समारोह में पूर्व मंडलाध्यक्ष कर्नल महेंद्र मिश्रा, आलोक बिल्लौरे, धीरन दत्ता, सहायक मंडलाध्यक्ष रश्मि टोंग्या सहित भोपाल के विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया बच्चों ने

### संस्कार परिवार ने दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रप्रेम का संकल्प दोहराया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार, 24 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं संतजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि प्रेरणा लेने का अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने कारगिल युद्ध की परिस्थितियों, चुनौतियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय सैनिकों ने अद्वितीय वीरता का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि हर शहीद सैनिक की कहानी प्रेरणादायक है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करती है। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने भी वीर सैनिकों की गाथाओं को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 167 वाँ आयकर दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आयकर विभाग ने शुक्रवार को नवीन आयकर भवन, अरेरा हिल्स स्थित कार्यालय में 167वें आयकर दिवस का गरिमापूर्ण आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) सुश्री मोना मोहंती, आयकर महानिदेशक (अन्वेषण) विजय कुमार पंडा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सीबीडीटी अध्यक्ष रवि अग्रवाल के वीडियो संदेश के वाचन से हुआ। सुश्री मोहंती ने कहा कि कर भुगतान केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर विभाग के उत्कृष्ट खिलाड़ियों सुश्री शिखा चौहान और शिवराज शांडिल्य (शूटिंग) को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। आयकर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पोस्टर निर्माण और भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# महापौर ने इब्राहिमगंज में सड़क और नाली निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**नप्र, भोपालः** महापौर मालती राय ने शुक्रवार को जोन-4 के वार्ड-17 स्थित इब्राहिमगंज क्षेत्र में निर्माणाधीन सीमेंट कंक्रीटीकरण सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने हमीदिया रोड से संत कबीर स्कूल तक चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने और नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद सदस्य मनोज राठौर, प्रभारी अधीक्षण यंत्री आर.आर. जरोलिया, कार्यपालन यंत्री अनिल टटवाड़े, पूर्व पार्षद विष्णु राठौर, पंकज चौकसे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं काशीराम विश्वकर्मा आत्मज श्री सुकईया विश्वकर्मा, आयु-55 वर्ष, निवासी ग्राम बोदा, ग्राम पंचायत बोडा, जिला छतरपुर, म0प्र0 का निवासी हूं। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम मोहित विश्वकर्मा (Mohit Vishwakarma) है, आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम गोपाल विश्वकर्मा (Gopal Vishwakarma) अंकित हो गया है, अब प्रकाशन उपरांत मेरा पुत्र अपने वास्तविक नाम मोहित विश्वकर्मा (Mohit Vishwakarma) के नाम से जाना पहचाना जायेगा एवं सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरे पुत्र का यहीं नाम रहेंगा। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को मोहित विश्वकर्मा (Mohit Vishwakarma) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

पुराना नाम गोपाल विश्वकर्मा (Gopal Vishwakarma)
नया नाम मोहित विश्वकर्मा (Mohit Vishwakarma)

1068

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री जोगिन्दर सिंह, निवासी- 1995, राजेंद्र नगर, बैरागढ़, भोपाल, म.प्र. कि मेरे पति सेना से पूर्व में सेवानिवृत्त हैं, जिनके सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सुशीला Sushila अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुशीला देवी Sushila Devi दर्ज हैं मेरा नाम सुशीला Sushila के स्थान पर सुशीला देवी Sushila Devi दर्ज किया जावे।

1067

### कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल जोन क्र.-01 वार्ड क्रमांक 05

**विज्ञप्ति**

**लीज रेंट दुकान/नामांतरण सूचना**

**लीज रेंट दुकान खाते में निम्नानुसार नामांतरण प्रस्तावित है:.**

| क्रं. | वर्तमान खातेदार का नाम | संपत्ति भवन भूमि का पता | दुकान की आई.डी. नं. | प्रस्तावित नामांतरण हेतु खातेदार का नाम | दुकान की साईज | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेश कुमार मूलानी पिता स्व. श्री ऐ.के. मूलानी | शॉप नं. 24 मल्टी लेवल पार्किंग बैरागढ | 3000000645 | पिंकी नामदेव पति श्री दीपक नामदेव | 143.17 स. फीट | रजिस्ट्रड दस्तावेज के आधार पर |

उक्त नामांतरण पर यदि किसी भी संस्था व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर आपत्ति लिखित में साक्ष्य एवं दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। यदि नियत समय अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है। तो नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत अभिलेखो में नामांतरण कर दिया जावेगा।

सू. क्र. 502/026/027

**जोन अधिकारी जोन क्रमांक 01,नगर निगम भोपाल**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील मल्हारगंज इन्दौर

क्रमांक/772/रीडर/2026
इन्दौर, दिनांक 17/07/2026
प्रकरण क्रमांक 0021/अ-70/2025-26

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक शंशाक पिता रमेशचंद्र भण्डारी निवासी 32-बी. साईनाथ कॉलोनी सेक्टर-ए, इन्दौर द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पालाखेडी स्थित भूमि सर्वे नंबर 219/4/1 रकबा 0.1850 हेक्टेयर मे से पैकि रकबा 0.0929 हेक्टेयर में से पैकि रकबा 0.0929 हेक्टेयर भूमि शंशाक पिता रमेशचंद्र के स्वामित्व एवं आधिपत्य होकर बतौर भूमिस्वामी राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उपरोक्त भूमि पर सीमा भूमि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य दर्ज भूमि है। उक्त भूमि पर सीमांकन प्रकरण क्र. 0083/12/2025-26 सीमांकन दिनांक 07/07/2025 को राजस्व निरीक्षक द्वारा मौके पर स्थाई चिन्हों से डी.जी.पी. एस. मशीन से सीमांकन कार्य कर राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत फिल्डबुक स्वीकृत की गई थी। उक्त सर्वे नं. 219/4/1 रकबा 0.1850 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.063 हेक्टेयर भूमि पर मेसर्स सोनिका इंजिनियरिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन लि.तर्फे मुकेश पिता ए.एल. सक्सेना का कब्जा पाया गया। आवेदक द्वारा अवैध कब्जाधारी से भूमि पर म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 250 के तहत कब्जा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक... 29/07/2026 के अन्दर अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**तहसील मल्हारगंज इंदौर**

1070

### कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण,भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 0900A70026,आवेदन क्रमांक-12112, आवेदन दिनांक-14/05/2026
**क्रमांक 2313/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल**
**दिनांक: 24/07/2026**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कल्पतरु गृह निवास साकेत नगर योजना में स्थित भूखंड क्रमांक-26 सेक्टर3/डी, श्री नन्द राम शाक्य आ रज्जू लाल शाक्य एवं श्रीमती श्रीमती फूल बाई शाक्य पत्नी स्व श्री नन्द राम शाक्य के संयुक्त नाम पर आवंटित है। संयुक्त आवंटी में से श्री नन्द राम शाक्य का स्वर्गवास दिनांकः-27/01/2026 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस 1. श्रीमती फूल बाई शाक्य पत्नी स्व श्री नन्द राम शाक्य 2. श्री प्रवीण कुमार शाक्य आ0 स्व श्री नन्द राम शाक्य द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखंड संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

1069

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 04 बावड़ियाकलां तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

रा.प्र.क्र. 0.156/अ-12/2026-27
ग्राम नाम-बावडिया कलां

**सूचना पत्र**

**प्रति, 1.** मनोज श्रीवास्तव आ. जी.पी. श्रीवास्तव नि. ई. अरेरा कॉलोनी भोपाल, 2. श्री सुखबीर सिंह कुकरेजा आ. राजेन्द्र सिंह कुकरेजा एवं जोगेन्द्रपाल सिंह अल्घ आ. प्रेम सिंह अल्घ निवासी भोपाल।3. श्री शरद आचार्य आ. स्व श्री ओंकार प्रसाद आचार्य शान्ति कालोनाईजर अर्पित जैन आ. अजय जैन नि. भोपाल 5. पलास गृह निर्माण सहकारी समितियां भोपाल राजेश आ. प्रभुदयाल नि. भोपाल 6. आकृति रेट्रिरिट्र द्वारा रहवासीगण (वर्तमान कालोनी) अध्यक्ष को सूचनार्थ एवं अन्य पडोसीगण। **विषयः-** सीमांकन किये जाने हेतू बाबत् सूचना-पत्र एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुखबीर सिंह कुकरेजा पिता राजेन्द्र सिंह कुकरेजा एवं जोगेन्द्रपाल सिंह अल्घ आ. प्रेम सिंह अल्घ निवासी भोपाल द्वारा ग्राम-बावड़िया कलां, प.ह.नं.18 में स्थित खसरा नंबर 150/2/13 द्वारा ग्राम बावड़िया कलां रकबा क्रमांक 0.2064 हे. भूमि कुल रकबा 0.2064 हे. भूमि का सीमाकंन हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदको द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 25/07/2026 को समय प्रातः 12:00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नही जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नही होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक मे परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वासी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन स्थानीय दैनिक समाचार पत्र मे कराया जा सकता है। आज दिनांक 20/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1 शेड क-7 जवाहर चौक, भोपाल

**निविदा सूचना क्र-50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59/वलेलि/2026-27**
**भोपाल, दि-20.07.2026**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स..क्रं. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 50 | 2026_PWDRB_522665 | लोनिवि, नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत जी.आर.पी.सेक्शन पुरानी केन्द्रीय जेल सेक्शन के आवासीय भवनों में एवं विन्ध्य कोठी में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपाजिट एवं अन्य कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 50,00,000.00 (रू. पचास लाख मात्र) | रू. 50000.00 |
| 2. | 51 | 2026_PWDRB_522666 | लोनिवि नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपाजिट एवं अन्य कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 90,00,000.00 ( रू. नब्बे लाख मात्र) | रू. 90000.00 |
| 3. | 52 | 2026_PWDRB_522669 | प्रोफेसर कालोनी सेक्शन भोपाल के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न वार्षिक मरमम्त, विशेष मरम्मत, लघुमूल. डिपाजिट एवं अन्य कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 62,00,000.00 (रू. बासठ लाख मात्र) | रू. 62000.00 |
| 4. | 53 | 2026_PWDRB_522670 | लोनिवि केन्द्रीय भण्डार उपसंभाग भोपाल के अन्तर्गत लॉ एण्ड ऑर्डर व्ही.आई.पी. कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम हेतु बैरिकेडिंग का कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 49,00,000.00 (रू. उन्चास लाख मात्र) | रू.50000.00 |
| 5. | 54 | 2026_PWDRB_522671 | लोनिवि नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत कोटरा सुल्तानाबाद सेक्शन के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपाजिट एवं अन्य कार्य। | रू. 65,00,000.00 (रू. पैंसठ लाख मात्र) | रू. 65000.00 |
| 6. | 55 | 2026_PWDRB_522672 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत कोटरा सुल्तानाबाद सेक्शन के आवासीय भवनों में आवश्यक मरम्मत वाटर सप्लाई, ड्रेनेज इंस्टालेशन एवं सिविल कार्य सहित जल अवरोधक का कार्य। | रू. 50,00,000.00 (रू. पचास लाख मात्र) | रू.5000.00 |
| 7. | 56 | 2026_PWDRB_522673 | लोनिवि नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत कोटरा सुल्तानाबाद सेक्शन के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, सीवर लाईन चैम्बर ड्रेन आदि कार्य। | रू. 48,00,000.00 (रू.अडतालीस लाख मात्र) | रू. 50000.00 |
| 8. | 57 | 2026_PWDRB_522674 | लोनिवि, नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत जीआरपी. सेक्शन के आवासीय भवनों एवं विन्ध्य कोठी में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपाजिट एवं अन्य कार्य। | रू. 48,00,000.00 (रू.अडतालीस लाख मात्र) | रू. 50000.00 |
| 9. | 58 | 2026_PWDRB_522675 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क-3 भोपाल के अन्तर्गत जिला एवं सत्र न्यायालय एवं न्यायिक सेवा सदन में रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग, एवं पेंटिंग आदि का कार्य। | रू. 40,00,000.00 ( रू. चालीस लाख मात्र) | रू. 50000.00 |
| 10. | 59 | 2026_PWDRB_522677 | लोनिवि नगर उपसंभाग क-3 भोपाल के अन्तर्गत जीआरपी. सेक्शन एवं पोल्ट्री फार्म सेक्शन के आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग, एवं पेंटिंग आदि का कार्य। | रू. 50,00,000.00 (रू. पचास लाख मात्र) | रू. 50000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 07.08.2026 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र-1 भोपाल**

जी-16115/26

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर

E-Mail:- sdoftsehore@mp.gov.in, Mob. No. 9424790851

क्रमांक/1754
**विज्ञप्ति**
सीहोर/दिनांक/ 21/07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन एवं अतिक्रमण करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) 15,16 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52,41 एवं 26 (1) क के अन्तर्गत जप्त किये गये हैं। कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नहीं हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहन को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक/ आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | इछावर | 42754/06, 12.07.2026 | मोटर साइकिल हीरो डिलक्स। | बिना नम्बर,चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | डूण्डालाबा के पास जंगल में मोटर साइकिल द्वारा सागौर इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त। |

**(कृतिका जायसवाल), प्राधिकृत अधिकारी**
**उपवनमंडलाधिकारी (सामान्य) सीहोर**

जी-16134/26